भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: 14

उत्तर देने की तारीख: 18.11.2019

नए केन्द्रीय विद्यालय

*14. सुश्री दिया कुमारीः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केन्द्रीय विद्यालयों की कुल संख्या कितनी है जिनमें देश और विदेश में छात्र नामांकित हैं;

(ख) ऐसे विद्यालयों में शिक्षक-छात्र अनुपात कितना है;

(ग) देश और विदेश में खोले जा रहे नए केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार राजस्थान में नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या उक्त केन्द्रीय विद्यालयों में से कोई राजसमन्द में खोला जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ड.): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

''नए केन्द्रीय विद्यालय'' के संबंध में माननीय संसद सदस्य सुश्री दिया कुमारी द्वारा दिनांक 18.11.2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न सं.14 के भाग (क) से (ड.) उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) देश और विदेशों में केंद्रीय विद्यालयों (केवी), जिनमें विद्यार्थी नामांकित है, की कुल संख्या 1227 है।

(ख) केवी में शिक्षक छात्र अनुपात 1:27 है।

(ग) केवी को खोलना एक सतत प्रक्रिया है। नए केवी खोलने के प्रस्ताव तभी विचार किया जाता है जब भारत सरकार/राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्रालयों या विभागों द्वारा प्रायोजित किया जाता है, जिसमें नया केवी स्थापित करने के लिए संसाधन की उपलब्धता और सरकार के आवश्यक अनुमोदन की प्रतिबद्धता हो। नए केवी खोलने के लिए विभिन्न प्रायोजन अधिकारियों से प्राप्त प्रस्तावों को भी "चुनौती विधि" के तहत अन्य प्रस्तावों के बीच प्रतिस्पर्धा करनी होती है।

(घ) राजस्थान राज्य में 76 केवी पहले से कार्य कर रहे हैं। विवरण संलग्न है। इसके अतिरिक्त, राजस्थान के प्रतापगढ़ में मार्च, 2019 में एक नया केवी स्वीकृत किया गया था। राजस्थान राज्य सरकार से प्रायोजक प्राधिकारी होने के नाते केन्द्रीय विद्यालय संगठन के पक्ष में अपेक्षित भूमि स्थानांतरित करना और साथ ही केवी को खोलने के लिए प्रशासनिक आदेश जारी किए जाने से पहले विद्यालय चलाने के लिए आवश्यक अस्थायी भवन भी प्रदान करना आवश्यक है।

(ड) देवगढ़ में एक केवी पहले से ही राजसमंद जिले में कार्यात्मक है। भीम, जिला राजसमंद में एक नया केवी खोलने के लिए, राजस्थान सरकार द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) को निर्धारित प्रोफार्मा में एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसमें केवीएस के मानदंड के अनुसार न तो प्रस्तावित भूमि और न ही अस्थायी भवन उपयुक्त पाया गया है।

*****